आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश सरकार के महत्वकांक्षी पहल सरकार गांव के द्वार के तहत शिमला जिला के कुपवी तहसील के टिक्कर गांव में कल जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामवासियों ने अपनी समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने मौके पर अधिकारियों को सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार तहसील और उप–तहसील स्तर पर विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन कर वर्षों से लम्बित राजस्व मामलों का समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दूध पर एम.एस.पी. मक्की और गेंहू की खरीद सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने की सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवाया।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज कांगडा जिला के इन्दौरा जाने का कार्यक्रम है। वे इन्दौरा में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

संयुक्त बयान

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भाजपा द्वारा राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में प्रदेश सरकार पर लगाए गए फिजूलखर्ची व भ्रष्टाचार के आरोपों को हास्यस्पद बताया है। एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने न केवल फिजूलखर्ची रोकी है बल्कि वित्तीय संसाधन बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि बिलासपुर में आयोजित रैली पर 25 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च करने का भाजपा का आरोप भी आधारहीन है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर 10 गारंटियों को पूरा करने में असफल रहने का आरोप लगाया है। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिलासपुर में आयोजित दो साल के जश्न समारोह ने किसानों, बेरोजगारों व समाज के अन्य वर्गों के जखमों पर नमक छिड़कने का काम किया है। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करने में असमर्थ साबित हो रही है।

लोक अदालत

प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव व जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अभी तक निपटारे के लिए 62 हजार मामलों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाना है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूल के साथ हुई है। हालांकि अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है जिससे लोगों को सुबह शाम भारी ठंड से जुझना पड़ रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में पानी की पाईपें जमने से लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति जिला के ताबों में माइनस 7 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है जबकि किन्नौर जिला के कुकुमसेरी में माइनस 7 दशमलव 2, कल्पा में माइनस 5 दशमलव 2 जबकि रिकांगपिओ में माइनस एक दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया।

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के आमतौर पर साफ रहने का अनुमान लगाया है।

सुखाश्रय

चंबा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र में सुखाश्रय परिसर का निर्माण किया जाएगा। इस परिसर में अनाथ बच्चों के साथ वृद्ध आश्रम की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस परिसर के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से जिले में स्थापित सुखाश्रय कोष में अपना योगदान देने की अपील की है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी हैं।

अमर उजाला की सुर्खी है–सरकारी नौकरी को छोड़ कुपवी में सभी महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 15 सौ रुपये।

दिव्य हिमाचल के मुताबिक–सीएम ने कुपवी में गुजारी रात, लोगों की समस्या पर की बात।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है–सरकार द्वेष से नहीं जनसभावना से कर रही कार्य।

पंजाब केसरी का शीर्षक है–शीतकालीन सत्र में 2 संशोधन विधेयक लाएगी सरकार।

दैनिक जागरण की एक ख़बर है–15 दिन में पदभार न संभाला तो सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नती मानी जाएगी रद्द।

दैनिक भास्कर ने प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से ख़बर दी है– आरक्षित उम्मीदवार से जुड़े प्रमाण पत्र आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख के बाद भी सब्मिट किए जा सकते हैं।

मौसम पर आपका फैसला लिखता है–बर्फबारी से प्रदेश के मैदानी व पर्वतीय क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आए, जबकि अमर उजाला के अनुसार–10 जिलों में पारा शून्य से नीचे सुबह–शाम ठंड से कांपा हिमाचल।